FOne_15 April. (JAL).qxd 14-Apr-21 11:28 PM Page 1

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
पढ़ कर देखें
अजीत समाचार
अधिक जानकारी तथा समाचार पत्र बुक करवाने के लिए सम्पर्क करें :-
एजैंसी मैनेजर
अजीत समाचार भवन, नेहरू गार्डन रोड, जालन्धर।
फोन : 0181-5086376, 5086379, 5088112
फैक्स : 0181-5086376, 5063104


# अजीत समाचार*

AJIT SAMACHAR जालन्धर, वीरवार, 15 अप्रैल, 2021, 3 बैसाख, विक्रमी सम्वत् 2078, मूल्य : ₹ 3.00

जालन्धर, चंडीगढ़ और बठिंडा से प्रकाशित

Regd.No. PB/JL-137/2021-23 | वर्ष : 26, अंक : 103 | www.ajitsamachar.com | youtube.com/ajitsamacharhindi | facebook.com/ajitsamacharhindi | samachar@ajitjalandhar.com | फोन : 0181-2455961-62-63, 5032400 फैक्स : 2230455, 5011025


बवासीर
फिशर, भगन्दर, पाइलोनाइडल साइनस का लेज़र, डापलर, मैट के साथ ईलाज
लेज़र से फिशर (दर्द वाली बवासीर) का ईलाज - 12500/-
पित्त की पत्थरी का दूरबीन से ईलाज - 22500/-
गुरदे की पत्थरी का दूरबीन से ईलाज - 32500/-
हैल्पलाईन: 98150-21724
अमन हस्पताल, अमलोह रोड़, खन्ना

# रिकार्ड 1.84 लाख पॉज़िटिव

## देश में कोरोना से 1,027 और लोगों ने तोड़ा दम




रांची में रेलगाड़ियां न मिलने के कारण प्रवासी अपने परिवार सहित घरों को पैदल ही लौटते हुए।

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 14 अप्रैल (एजैंसी/विक्रमजीत सिंह मान) :** लगातार बढ़ रहे मामलों व लोगों द्वारा इसकी परवाह न करने से कोरोना वायरस तो खुश हो रहा होगा जबकि देशवासियों के लिए यह बहुत ही चिंताजनक हालात पैदा हो रहे हैं। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में अब तक के सर्वाधिक 1,84,372 नये मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण के कुल मामले 1,38,73,825 हो गए हैं जबकि 13 लाख से अधिक लोग अब भी संक्रमण की चपेट में हैं। मंत्रालय के सुबह 8 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 1,027 लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 1,72,085 हो गई है जो 18 अक्तूबर, 2020 के बाद सबसे ज्यादा है। लगातार 35वें दिन मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है और संक्रमित लोगों की संख्या

### पंजाब में 3329 नए मामले, 63 लोगों की मौत



मुम्बई में लॉकडाऊन लगने से पहले प्रवासी मज़दूरों की रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# सी.बी.एस.ई. 10वीं की परीक्षा रद्द, 12वीं की स्थगित

## 10वीं में मूल्यांकन सिस्टम के अनुसार दिए जाएंगे अंक

**उपमा डागा पार्थ/एजैंसी**

नई दिल्ली, 14 अप्रैल : केन्द्र सरकार ने देश भर में कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं की परीक्षा रद्द कर दी है, जबकि 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का फैसला किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई एक बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, केन्द्रीय शिक्षा सचिव, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव तथा अन्य शीर्ष अधिकारियों ने शिरकत की। बैठक के बाद शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर परीक्षाओं के संबंध में लिए गए निर्णयों की जानकारी साझा की। बयान के मुताबिक बैठक में प्रधानमंत्री ने ज़ोर दिया कि छात्रों का स्वास्थ्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के सर्वोच्च हित का ध्यान रखेगी और सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि उनके स्वास्थ्य के साथ ही उनके शिक्षा सत्र का भी नुकसान न हो। बयान में कहा गया, 'महामारी की वर्तमान स्थिति, स्कूलों के बंद होने और छात्रों की सुरक्षा के मद्देनज़र कक्षा 12वीं की परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।' यह परीक्षा 4 मई से 14 जून के बीच होना प्रस्तावित थी। सीबीएसई बोर्ड एक जून को कोविड महामारी की स्थिति की समीक्षा करेगा और उसके बाद परीक्षा की तारीखों के संबंध में फैसला लेगा। बयान में कहा गया, 'परीक्षा की शुरुआत से कम से कम 15 दिन पहले छात्रों को इसकी सूचना दी जाएगी।' 10वीं की परीक्षा भी चार मई से 14 जून के मध्य होनी थी। बयान में कहा गया, '10वीं की

### 12वीं की परीक्षा संबंधी 1 जून को की जाएगी स्थिति की समीक्षा



### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बैठक के बाद लिया गया फैसला

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# कुलगाम से जैश का आतंकी, 3 सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

श्रीनगर, 14 अप्रैल (भाषा): सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले से जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी और तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया, 'कुलगाम में पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी और तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। अस्त्र-शस्त्रों के अलावा आपत्तिजनक

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# बेअदबी व पुलिस गोलीकांड केसों में हाईकोर्ट के फैसले के पश्चात् पंजाब में राजनीति गर्माई

## अकाली दल के लिए अदालत का फैसला बना संजीवनी

**विक्रमजीत सिंह मान**

चंडीगढ़, 14 अप्रैल : बेअदबी व पुलिस गोलीकांड केसों में हाईकोर्ट के फैसले के पश्चात् पंजाब में राजनीति पूरी तरह गर्माई हुई नज़र आ रही है। अदालत का फैसला जहां राजनीति तौर पर इस मामले के पश्चात् शिरोमणि अकाली दल (ब) के लिए संजीवनी बन कर सामने आया है। वहीं कैप्टन सरकार इस मामले में सवालों के घेरे में आकर खड़ी हो गई है। इस मामले में आज यहां सत्ताधारी पार्टी के ही सीनियर लीडर व राज्य सभा सदस्य स. प्रताप सिंह बाजवा ने अपनी ही सरकार को घेरते एडवोकेट जनरल अतुल नंदा को सवाल के घेरे में खड़ा कर दिया है, वहीं और राजनीतिक पार्टियों ने भी कई सवाल खड़े किए हैं। इस मामले में जहां मुख्यमंत्री

### कैप्टन सरकार आई सवालों के घेरे में, बाजवा ने अतुल नंदा को घेरा

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# पाकिस्तान का कट्टर इस्लामी दल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला

**इस्लामाबाद/अमृतसर, 14 अप्रैल (एजैंसी/सुरिन्दर कोछड़) :** पाकिस्तान ने एक कट्टर इस्लामी पार्टी के समर्थकों की लगातार तीसरे दिन कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ झड़प के बाद बुधवार को आतंकवाद अधिनियम के तहत उस पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इन झड़पों के दौरान सात लोगों की मौत हो चुकी है और 300 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# पेशेवर शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की दरियादिली नहीं : सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (भाषा): उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पेशेवर शिक्षा तक पहुंच उपलब्ध कराना 'सरकार की दरियादिली' नहीं है और सभी स्तरों पर इसकी पहुंच सुविधाजनक बनाना राज्य का दायित्व है। न्यायालय ने कहा कि यह दायित्व का उन छात्रों के लिए कहीं ज्यादा महत्व रखता है जिनकी पृष्ठभूमि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच की राह को दुर्गम बनाती हैं।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# रूस व भारत एस-400 मिज़ाइल सौदे को लेकर प्रतिबद्ध : रूसी राजदूत



नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजैंसी): रूसी राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने कहा कि विश्व व्यवस्था को एकतरफा कदमों, अवैध पाबंदियों, दोहरे मापदंडों और प्रभुसता देशों के

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# टोक्यो ओलंपिक की उल्टी गिनती शुरू, 100 दिन शेष


टोक्यो, 14 अप्रैल (एजैंसी) : टोक्यो को साढ़े सात साल पहले जब ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गई थी तब उसने स्वयं को



सुरक्षित स्थल के रूप में पेश किया था जबकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के तत्कालीन उपाध्यक्ष क्रेग रीडी ने ब्यूनस

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# योगी व अखिलेश कोरोना संक्रमित



लखनऊ, 14 अप्रैल (एजैंसी) : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# अम्बेदकर जयंती को किसानों ने 'संविधान बचाओ दिवस' के रूप में मनाया

**उपमा डागा पार्थ**

नई दिल्ली, 14 अप्रैल : भाजपा सरकार संविधान में सुधार के नाम पर कई हेराफेरियां कर रही है जोकि आर्थिकता व समाज दोनों के लिए खतरनाक है। किसान नेताओं ने दिल्ली की सीमाओं पर लगाए धरने के मंचों से उक्त समर्थन देते बुधवार को अम्बेदकर जयंती को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भीम आर्मी के राष्ट्रीय प्रधान चन्द्रशेखर ने सिंघु बार्डर व गाजीपुर बार्डर पहुंच कर साझे संघर्ष का आह्वान दिया। संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर मनाए गए संविधान बचाओ दिवस पर नेताओं ने केन्द्र सरकार के असंवैधानिक कदमों की तीखे सुरों में नुक्ताचीनी करते कहा कि कृषि राज्य सरकार का विषय है तथा केन्द्र सरकार द्वारा कृषि कानून बनाना निश्चित तौर पर गैर-संवैधानिक है। नेताओं ने कहा कि संवैधानिक हकों की रक्षा के लिए किसान आंदोलन एक नई ताकत बनकर उभरा है जिसने न केवल संविधान को बचाने की कोशिश की है बल्कि अपनी ताकत से संविधान को सुचारू ढंग से लागू करवाने की कोशिश भी की जा रही है। किसान-

### भाजपा सुधारों के नाम पर संविधान में कर रही है हेराफेरी : किसान नेता

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# कांग्रेस ने 17 को सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (भाषा) : कांग्रेस ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेज़ वृद्धि के बीच मौजूदा हालात पर चर्चा के लिए 17 अप्रैल को अपनी शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया

### कोरोना के हालात पर होगी चर्चा

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# सभी योजनाओं में 30 प्रतिशत फंड अनुसूचित जाति के लिए खर्च किए जाएंगे : कैप्टन

## अम्बेदकर जयंती पर एस.सी. पदों को पहल के आधार पर भरने का ऐलान



चंडीगढ़, 14 अप्रैल (अ.स.) : पंजाब सरकार द्वारा अपनी सभी योजनाओं में कम से कम 30 प्रतिशत फंड राज्य की अनुसूचित जाति की जनसंख्या की भलाई के लिए खर्च किए जाएंगे। यह ऐलान मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने डा. बी.आर. अम्बेदकर को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए दलित भाईचारे के विकास के लिए उठाए जाने वाले कई कदमों के साथ किया। उन्होंने कहा कि डा. अम्बेदकर को पहले भारतीय के तौर पर याद किया जाना चाहिए जिन्होंने

(शेष पृष्ठ 2 पर)

### अनुसूचित जातियों की शिकायतें दर्ज करवाने के लिए पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली, (उपमा डागा पार्थ) :** अब शिकायतों का भी डिजटीकरण हो सकेगा। इलैक्ट्रोनिक व सूचना टैक्नालोजी बारे मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने दलित भाईचारे के लिए शिकायतें दर्ज करवाने के लिए पोर्टल लांच करते उक्त बयान दिया। पट्टी दर्ज जातियों बारे राष्ट्रीय कमिशन द्वारा दलित भाईचारे की शिकायतों को अधिक प्रभावी ढंग व सुविधा से दर्ज करवाने के लिए

(शेष पृष्ठ 2 पर)